डा. अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नॉलॉजी फॉर हैण्डीकैप्ड, उ.प्र.,कानपुर –24

प्रशासकीय परिषद की दशम् बैठक दिनांक 02 जून, 2015 का कार्यवृत्त

उपस्थिति:–

क्र.सं.	नाम व पदनाम	स्थिति
1	मा0 प्रो0 शिवाकान्त ओझा, माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।	अध्यक्ष
2	श्रीमती मोनिका एस गर्ग, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।	उपाध्यक्ष
3	श्री विद्या सागर शुक्ला, विशेष सचिव (प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित)	सदस्य
4	डा0 आनन्देश्वरी अवस्थी, संयुक्त निदेशक (प्रमुख सचिव, नियोजन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित)	सदस्य
5	श्री इसरार अहमद, विशेष सचिव, (सचिव, न्याय उ. प्र. शासन द्वारा नामित)	सदस्य
6	श्री आर0 के0 ओझा, उपसचिव, विकलांगजन विकास विभाग (सचिव, विकलांग कल्याण विभाग, उ. प्र. शासन द्वारा नामित)	सदस्य
7	श्री ओ0पी0 वर्मा, निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।	सदस्य
8	प्रो. ए0के0 नागपाल, निदेशक, एच.बी.टी.आई, कानपुर।	सदस्य
9	श्री गौरव चन्द्रा, निदेशक, डा. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी फार हैण्डीकैप्ड, उ. प्र., कानपुर।	सदस्य–सचिव

कार्यवाही:–

सदस्य सचिव ने माननीय अध्यक्ष, एवं प्रशासकीय परिषद के सम्मानित सदस्यों का स्वागत करने के उपरान्त कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त की।

शासन के पत्र संख्या : 850/सोलह–2–2015, दिनांक 01 जून, 2015 व पत्रांक : 855/ सोलह–2–2015, दिनांक 01 जून, 2015 के कम में एजेण्डा बिन्दु 10.04, 05, 06 वापस लिये गये (withdraw किये गये)।

Gchand

प्रशासकीय परिषद ने संस्थान की सामान्य गतिविधियों/किया–कलापों पर चर्चा के दौरान डिप्लोमा अनुदानित पाठ्यकमों में प्रतिवर्ष घटती जा रही प्रवेशित छात्रों की संख्या पर चिन्ता व्यक्त करते हुये निम्नवत् निर्देश प्रदान किये :–

- डिप्लोमा अनुदानित पाठ्यकमों में अध्ययनरत विकलांग छात्रों को उ0प्र0शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं (निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क छात्रावास,निःशुल्क प्राथमिक उपचार, निःशुल्क रोजगारपरक प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति, भोजनवृत्ति, ड्रेस, निःशुल्क वाई–फाई ब्राडबैण्ड इण्टरनेट सुविधा इत्यादि) का उल्लेख करते हुये प्रचार प्रसार किया जायें।
- जगद्गुरू रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय **(JRHU)** चित्रकूट में चल रहे पाठ्यकमों का अध्ययन कर संस्थान के लिये अनुकूल पाठ्यकमों का प्रस्ताव तैयार किया जायें।
- विकलांग छात्रों की सुगमता हेतु हैण्डीकैप्ड फ्रेन्डली पाठ्यकम तैयार किये जाय।
- वर्तमान में उद्योगों की मांग के अनुरूप (एक वर्षीय/द्विवर्षीय) रोजगारपरक पाठ्यकम तैयार किये जाय।
- श्रवण विकलांगता से प्रभावित छात्रों के लिये उनसे संबंधित विशेष व्यवस्था अपनाते हुये यथा आवश्यक पाठ्यकम में संशोधन किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय।

संस्थान में चल रहे पाठ्यकमों को संबंधित सुसंगत शासनादेशों का संज्ञान लेते हुये डिप्लोमा (अनुदानित व स्ववित्त पोषित) एवं स्ववित्त पोषित डिग्री पाठ्यकमों के संचालन के उद्देश्य से प्रस्ताव तैयार किये जाने हेतु निम्नांकित समिति का गठन किया गया–

1.	श्री कफील अहमद, अपर निदेशक, प्राविधिक शिक्षा एवं निदेशक, आई0आर0डी0टी0, कानपुर।	अध्यक्ष
2.	श्री एस0के0 सिंह, प्रधानाचार्य, राजकीय महिला पालीटेक्निक, इलाहाबाद।	सदस्य
3.	श्रीमती रूबीना परवीन आलम, प्रधानाचार्या, राजकीय पालीटेक्निक, सिकन्दरा, कानपुर देहात।	सदस्य
4.	निदेशक, ए0आई0टी0एच0, कानपुर।	सदस्य सचिव

समिति से अपेक्षा की गयी कि समिति अपनी रिपोर्ट एक माह की समयावधि में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को प्रस्तुत करेगी।

उपरोक्त के कम में प्रशासकीय परिषद् को यह भी अवगत कराया गया कि प्राविधिक शिक्षा विभाग,उ0प्र0शासन के अधीन समान प्रारूप पर चल रहे संस्थानों (ए0आई0टी0एच0,कानपुर/फीरोज गांधी पालीटेक्निक,रायबरेली व आई0ई0आर0टी0, इलाहाबाद) में डिप्लोमा व स्ववित्त पोषित डिग्री पाठ्यक्रमों के सफलतापूर्वक संचालन किये जाने हेतु शासन स्तर पर समिति का गठन किया गया है जो अपनी रिपोर्ट 15 जून,2015 तक प्राविधिक शिक्षा विभाग,उ0प्र0शासन को प्रस्तुत करेगी।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(गौरव चन्द्रा)
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद
ए.आई.टी.एच., कानपुर
एवं
निदेशक,
ए.आई.टी.एच., कानपुर

(मोनिका एस0 गर्ग)
उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
ए.आई.टी.एच., कानपुर
एवं
प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

(प्रो0 शिवाकान्त ओझा)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,
ए0आई0टी0एच0, कानपुर।
एवं
मा0 मंत्री, प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।